यह जो घटनाएँ हमने लिखी हैं, यह तो कुछ नमूने मात्र हैं। मुसलमानों के राज में ऐसी हजारों घटनाएँ हर साल होती रहीं। भारत के सभी मुसलमान बादशाह लूट के माल में हिन्दू औरतों को भी हथियाते रहे। उनकी शह पर साधारण मुसलमान नागरिक से लेकर बादशाह के दरबारी मुसलमान और साधारण मुसलमान सैनिक से लेकर मुसलमान सेनापति तक हिन्दुओं की पत्नियाँ और बेटियाँ छीनते रहे। हिन्दू राजाओं की कायरता से एक हजार साल तक हिन्दुओं के साथ यह सब होता रहा। आज राजाओं का स्थान लेने वाले नेताओं की कायरता से भारत के हिन्दू फिर से उसी खतरे की ओर बढ़ रहे हैं। लेकिन इस खतरे से घिर रहे हिन्दू, इस खतरे की अन्देखी कर जाति की लड़ाई में व्यस्त हैं। हिन्दुओं के साथ उनके ही देश में एक हजार साल तक हुये इन अपमानों को, इस मारकाट को इस देश

के नेता बताते हैं कि इस देश में सैकड़ों साल से हिन्दू-मुसलमान प्रेम से रहते चले आये हैं। यह नेता हिन्दुओं के साथ हुए इस अपमान और अत्याचार पर गर्व करते हैं तथा इसे ही गंगा जमुनी संस्कृति, अनेकता में एकता और धार्मिक सहिष्णुता बताते हैं। यह नेता दुनियाँ का सबसे बड़ा झूठ बोलते हैं और आश्चर्य है कि हिन्दू इस झूठ को मान भी लेते हैं। नेताओं द्वारा हिन्दुओं की जिस धार्मिक सहिष्णुता के गुणगान गाये जाते हैं, वह हिन्दुओं की विशेषता नहीं, बल्कि मूर्खतापूर्ण कायरता है। जिस पर हमें शर्म आनी चाहिये।

हिन्दू अगर टी० वी० में या सिनेमा में कोई हिन्दू-मुस्लिम एकता पर झूठी कहानी देख लें या किसी नेता के मुँह से अब्दुल हमीद जैसे एक-दो उदाहरण सुन लें, तो वह मुल्लावादी मुसलमानों द्वारा हुई अब तक की मारकाट को मानने से इन्कार कर देते हैं। इस प्रकार अपनी दुर्दशा की जिम्मेदार खुद हिन्दू जनता है, जो सच्चाई से आँखे बन्द किये बैठी रहती है। जबकि मुसलमानो को सिनेमा या टी० वी० की कहानी या कोई नेता के भाषण नहीं बहका सकते। वह वही मानेंगे और करेंगे, जो उनका धर्म कहता है। उसके खिलाफ अगर कोई उन्हें समझाता है, तो वह उसके दुश्मन हो जायेंगे और नेता इसको अच्छी तरह समझते हैं। हिन्दुओं के बीच कोई नेता उनके धर्म को या उनके देवी-देवताओं को गालियाँ भी दे दे, तो भी हिन्दू उसके भाषण पर मस्त होकर तालियाँ बजा देंगे। मुसलमान अपने नेताओं की बात तभी मानेंगे जब वह कुरआन के अनुसार होंगी व मुसलमानो के धर्म व समाज को मजबूत करने वाली होंगी, नहीं तो वह उनकी बात नहीं मानेंगे। वह चाहे मौलाना बुखारी हों या और कोई बड़े नेता। क्योंकि मुसलमानो का कोई नेता नहीं है, उनकी नेता कुरआन मजीद है। उसमें जैसे आदेश हैं, उसी के अनुसार उन्हें चलना है। मुसलमानो ने अगर किसी हिन्दू नेता को अपना समर्थन दिया है, तो वह भी कुरआन के अनुसार ही है। क्योंकि कुरआन मजीद में, पारः ३, सूरः ३ की २८वीं आयत में है कि-मोमिनों को चाहिये कि मोमिनों के सिवा काफ़िरों को दोस्त न बनाएं और जो ऐसा करेगा, उस से खुदा का कुछ (अह्द) नहीं। हाँ, अगर इस तरीके से तुम उन (की बुराई) से बचाव की शक्ल निकालो (तो हरज नहीं)....(अनुवादक-मौ० फ० मो० खाँ सा० जा०, पेज-८१) स्पष्ट है कि जाति के नाम हिन्दुओं को बाँटकर कमजोर करने के लिये ही मुसलमानों ने मुसलमानपरस्त जातिवादी नेताओं को समर्थन दे रखा है।

क्या अकबर महान् था ?

अकबर जिसकी सहिष्णुता के गुणगान गाये जाते हैं, वह भी हिन्दुओं की राजकुमारियों से विवाह करता रहा। उसने जयपुर, जोधपुर, बीकानेर, जैसलमेर आदि राज्यों की हिन्दू राजकुमारियों से विवाह किया। लेकिन अपनी शहजादी किसी हिन्दू राजा को नहीं दी। अकबर का दीन इलाही धर्म, जिसे मानने वाले उसके विशालराज्य में केवल दस बीस लोग ही थे, हिन्दुओं खासकर राजपूतों को मूर्ख बनाने का स्वाँग था। अकबर जन्म से लेकर मृत्यु तक मोमिन (मुसलमान) रहा। उसकी इस चालाकी को मुसलमान समझते थे। लेकिन हिन्दू धर्म के रक्षक

कुछ तथाकथित राजा, उसके शिकारी कुत्ते की भूमिका निभाते रहे, अपनी बहन-बेटियों को अकबर की अय्यासी के लिये पेश करते रहे। अगर इसी को उदारता और सहिष्णुता कहते हैं, तो नीचा दिखाना, अपमानित करना और गुलाम बनाना किसे कहते हैं? मेवाड़ के राणा प्रताप ने जब अकबर के लिये यह सब करना स्वीकार नहीं किया, तो मेवाड़ पर अकबर का नंगा नाच हुआ। हाँ, यह अवश्य है कि अन्य की अपेक्षा वह कुछ कम कट्टर था।

किसी हिन्दू लड़की को मुसलमान बनाकर शादी करना मुसलमानों में बड़ा ही शुभ और धर्म का काम माना जाता है। इसके लिये मुसलमान नौजवान सदैव प्रयत्नशील रहते हैं। मुसलमान लड़के सुन्दर हिन्दू लड़कियों को प्रभावित करने के लिये बड़ी नम्रता व प्रेम दिखाते हैं, इससे सीधी साधी हिन्दू लड़कियाँ प्रभावित होकर उनके चंगुल में फँस कर मुसलमान बना ली जाती हैं। मुसलमान लड़कों द्वारा यह कार्य विशुद्ध कट्टर धार्मिक भावना से, हिन्दू समाज व लड़की के हिन्दू माँ-बाप को नीचा दिखाने के लिये किया जाता है। मौका पड़ने पर मुसलमान सदैव कुरआन के आदेश पर ही चलते हैं। जब पाकिस्तान बना तब वहाँ के मुसलमानों ने अपने हिन्दू दोस्तों, पड़ोसियों और मालिकों को खतम कर उनका सब कुछ हड़प लिया (कुछ अपवादों को छोड़कर)। आज भी भारत में प्रतिवर्ष दो लाख हिन्दू लड़कियाँ व औरतें बहला फुसलाकर या धमकाकर मुसलमान बना जी जाती हैं। शेष भारत की अपेक्षा केरल, कश्मीर और लद्दाख में हिन्दू लड़कियों को बड़ी तेजी से मुसलमान बनाया जा रहा है। जम्मू कश्मीर सरकार तो, हिन्दू और बौद्ध लड़कियों को मुसलमान बनाकर उनसे शादी करने वाले कश्मीरी मुस्लिम नौजवानों के लिये धर्मनिरपेक्षता का उदाहरण पेश करने का बहाना बनाकर, उन्हें इनाम दे रही है। मुल्लावादी मुसलमान आज भी बदले नहीं हैं, जरा भी नहीं, फर्क इतना है कि उनकी सरकार नहीं है, जरा वह बनने दीजिये, फिर देखिये इतिहास का वही नज़ारा। वह युद्ध का नारा लगाते हैं कि ''ईमान बाकी है, मुसलमान बाकी है, अभी तो करबला का मैदान बाकी है।'' मुल्लावादी मुसलमान मौका पाते ही हिन्दुओं की जान माल व औरतों को छोड़ेंगे नहीं। जो हिन्दू सोचते हैं कि ऐसा नहीं होगा, वह अपने को धोखा दे रहे हैं। क्या इनके ऐसा सोच लेने भर से यह खतरा टल जायेगा? क्या हम हिन्दुओं के धर्मनिरपेक्ष हो जाने से या हिन्दू की बात न करने से भारत का मुसलमान कट्टरता छोड़कर, कुरआन मजीद के आदेशों को मानना छोड़कर धर्मनिरपेक्ष हो जायेगा ? ऐसा सोचना दिन को रात समझना है।

मन्दिरों और मूर्तियों को तोड़ना धर्म का कार्य

कुरआन मजीद में पारः १९, सूरः २६ की ९४वीं आयत में है कि- तो वे गुमराह (यानी बुत और बुतपरस्त) औंधे मुंह दोज़ख़ में डाल दिये जायेंगे। (अनुवादक-मौ० फ० मो० खाँ सा० जा०, पेज-५८९)

अर्थात् वे पथभ्रष्ट (मूर्तियाँ और मूर्तियों को पूजने वाले) दोनों औंधे मुँह नरक में डाल दिये जायेंगे। कुरआन मजीद के इन्हीं आदेशों को मानकर मुसलमान बादशाह, हिन्दू मन्दिरों और मूर्तियों को इस तरह तोड़ते रहे, जिससे कि हिन्दू

अपमानित हों। अलबेरूनी ने अपनी किताब 'तहकीक-ए-हिन्द' में लिखा है कि "महमूद गजनवी ने सोमनाथ के मन्दिर के शिवलिंग का एक टुकड़ा गजनी की जामा मस्जिद की सीढ़ियों पर डलवा दिया। जिससे कि मुसलमान नमाजी उस (शिवलिंग) में अपने पाँव घिस कर कीचड़ और गन्दगी साफ कर सकें।" महमूद गजनवी ने भारत के मन्दिरों को ढूँढ़-ढूँढ़ कर लूटा व तोड़ा। मुसलमान बादशाह मन्दिर तोड़ने से पहले मन्दिर के अन्दर गाय कटवाते थे, फिर मूर्तियों के टुकड़े-टुकड़े कर मन्दिर को तोड़ देते थे। उसके बाद वह मन्दिर या तो मस्जिद में बदल दिया जाता अथवा मूर्तियों को तोड़कर शेष मन्दिर में थोड़ा परिवर्तन कराकर कोई असरदार मुसलमान को मरने के बाद उसमें दफन कर, मकबरा बना दिया जाता था। मूर्तियों को अपमानित करने के लिये उनके टुकड़े करके मस्जिदों की सीढ़ियों पर डलवा दिया जाता था, जिससे कि मुसलमानों के पैरों से वे मूर्तियाँ रोज कुचली जायें। औरंगजेब ने विश्वनाथ मन्दिर को तोड़ने के बाद मन्दिर की आधी दीवालों के ऊपर ही मस्जिद बनवा दी। यह इसलिये किया गया कि हिन्दू देखें और अपमानित हों। भारत की तमाम मस्जिदें ऐसे ही बनीं। यह मन्दिर बीच में कभी-कभी उस समय पुनः बन जाते थे। जब वहाँ का राज किसी हिन्दू को मिल जाता। लेकिन जैसे ही वह हिन्दू राजा मुसलमानों से हारता अथवा उनके हाथों मारा जाता, तो पुनः बने यह मन्दिर फिर से तोड़ दिये जाते। फिरोज तुगलक ने जगन्नाथ जी की मूर्ति को दिल्ली लाकर उसे आम जनता के सामने तरह-तरह से बहुत दिनों तक अपमानित कराया। मुसलमान बादशाहों ने मूर्तियों को तोड़वा कर उससे तौलने वाले बाँट बनवा दिये और कसाइयों में यह कह कर बँटवा दिया कि वह मूर्तियों के इन बाँटों से गाय का मांस तौला करें। उन्होंने मन्दिरों को तोड़ कर और मूर्तियों को अपमानित कर अपने धर्म के आदेशों का पालन किया। औरंगजेब ने दिल्ली का बादशाह बनते ही फर्मान (आज्ञा) जारी कर दिया कि पूरे देश के सभी मन्दिरों को तोड़ दिया जाय और उनके स्थान पर मस्जिदें बनवा दी जायें। संस्कृत पढ़ाने वाले स्कूल बन्द करवा दिये जायें तथा संस्कृत पढ़ने व पढ़ाने वालों को सख्ती से कुचल दिया जाये अथवा उनका कत्ल कर दिया जाये।

शेख हमदानी ने अपनी पुस्तक 'जखीरातुल मुलुक' में लिखा है कि "मुसलमानों के राज में कोई बुतखाना (मन्दिर) नहीं बनाया जा सकता। जो मन्दिर तोड़ दिये गये, उन्हें पुनः नहीं बनाया जा सकता। पुराने बने मन्दिरों (अगर वह कहीं बच गये हैं) में मुसलमान यात्री बिना किसी रोक-टोक के ठहर सकते हैं। काफिर हिन्दू अपने परिवार में किसी के बीमार होने या मरने पर जोर से नहीं रो सकेंगे। वे शंख, घंटा आदि नहीं बजायेंगे। यह नियम काफिर हिन्दुओं के लिये बने हैं, जिनका कड़ाई से पालन कराया जाता है।"

जियाउद्दीन बरनी ने अपनी पुस्तक "तारीख़ ए फ़िरोजशाही' में लिखा है कि एक बार दिल्ली के बादशाह सुल्तान अलाउद्दीन ख़िलजी ने अपने धार्मिक सलाहकार दिल्ली के क़ाजी अलाउलमुस्क से पूछा "काफिर हिन्दुओं से कैसा

व्यवहार करना चाहिये ?'' (क़ाजी का मतलब होता है मुसलमानो के धार्मिक कानूनों का ज्ञाता व न्यायाधीश) काज़ी अलाउलमुस्क़ ने उत्तर दिया ''काफिर हिन्दुओं को नजराना व शुकराना भुगतान करने वाला समझना चाहिये। (यानी जब कोई हिन्दू, मुसलमान अधिकारी के सामने आये, तो कुछ धन दे, यह हुआ नजराना अर्थात् मुँह देखाई और जब वापस जाने लगे, तो भी कुछ धन दे, यह हुआ शुकराना अर्थात दर्शन देने के लिये धन्यवाद।) अगर कर वसूल करने वाला मुसलमान अधिकारी, हिन्दू से चाँदी का सिक्का माँगे, तो वह हिन्दू बिना कोई प्रश्न पूछे अत्यन्त विनम्रता से सोने का सिक्का दे। यदि मुसलमान थूँकना चाहे, तो पास बैठा हिन्दू अपना मुँह खोलकर अपने मुँह के अन्दर थुकवा ले। काफिर हिन्दुओं को अधिक से अधिक अपमानित करना हमारा धार्मिक कर्तव्य है। हमारे धर्म का आदेश है कि इन काफिर हिन्दुओं को मुसलमान बना दो या हलाक (क़त्ल) कर दो। हिन्दुओं के लिये दो ही रास्ते हैं-इस्लाम या मौत (अर्थात या तो मुसलमान बनें अथवा मार डाले जायें) एक रास्ता और बचता है कि गुलाम बनाकर उन पर हुकूमत (राज) करने के लिये यदि उनका कत्ल न किया जाये, तो उनकी जान बचाने के बदले उनसे जिज़या कर लिया जाये। यह मुसलमानो की मर्जी पर है कि वह इन हिन्दुओं को मार डालें अथवा उनको जिन्दा छोड़कर बदले में जिज़या वसूल करें। हिन्दुओं से इतना कर लिया जाना चाहिये कि कर चुकाने के बाद हिन्दू के पास इतना धन ही बच पाये कि वह उससे किसी तरह गुजारा कर सकें।'' आगे बरनी लिखता है कि क़ाजी का यह उत्तर सुनते ही बादशाह सुल्तान अलाउद्दीन ख़िलजी खुशी से चिल्ला पड़ा ''ओह क़ाजी ! तू तो बहुत बड़ा विद्वान है, तूने जो कुछ कहा है, वह एकदम हमारे शरियत (धार्मिक कानून) के अनुसार है कि इन काफिर हिन्दुओं को दबाकर रखा जाये और उनको कुचल दिया जाये। अतः मैंने पहले ही आदेश दे दिये हैं कि इन हिन्दुओं के पास केवल गुजारे भर के लिये अनाज, दूध और दही बचे और उनके मन्दिरों को नष्ट करने के हुक्म भी हमने जारी कर दिये हैं।''

हिन्दू नौजवानों के साथ धोखा

आजकल इतिहास की जो नयी किताबें छापी जा रही हैं, उनमें रोमिला थापर जैसी लेखकों ने मुसलमानों द्वारा धर्म के नाम पर काफिर हिन्दुओं के ऊपर किये गये इन भयानक अत्याचारों को गायब कर दिया है। नकली धर्मनिरपेक्षता वादी नेताओं की शह पर झूठा इतिहास लिखकर एक समुदाय की हिंसक मानसिकता पर जानबूझ कर पर्दा डाला जा रहा है। इन भयानक अत्याचारों को सदियों से चली आ रही गंगा जमुनी संस्कृति, अनेकता में एकता और धार्मिक सहिष्णुता बताकर नौजवान पीढ़ी को धोखा दिया जा रहा है, उन्हें अंधकार में रखा जा रहा है। भविष्य में इसका परिणाम बहुत खतरनाक होगा, क्योंकि नयी पीढ़ी ऐसे मुसलमानों की मानसिकता न जानने के कारण उनसे असावधान रहेगी और खतरे में फँस जायेगी।

मुल्लावादी मुसलमानों का हिन्दुओं के साथ विश्वासघात

काफिर हिन्दुओं को अपना धार्मिक दुश्मन मानने वाले कट्टर मुसलमानों पर जिस हिन्दू ने विश्वास किया उसे अन्त में धोखा ही मिला। जैसे मोहम्मद गोरी, पृथ्वीराज चौहान से संधि की बात कर रहा था और पीछे से अचानक हमले की तैयारी भी। पृथ्वीराज ने मोहम्मद गोरी पर विश्वास किया, जिसका परिणाम पृथ्वीराज को मौत के रूप में भुगतना पड़ा। मेवाड़ के रांणा रत्नसिंह ने अलाउद्दीन खिलजी पर विश्वास किया, जिसके परिणामस्वरूप रांणा रत्नसिंह को अपना सिर कटवाना पड़ा और उसकी इतिहास प्रसिद्ध परम सुन्दर पत्नी पद्मिनी देवी को अपनी इज्जत बचाने के लिये जिन्दा ही आग में जल कर जौहर करना पड़ा। अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मन्दिर में योग विद्या सीखने वाले एक फकीर फजल अब्बास ने सन् १५२८ में मुगल बादशाह बाबर को श्रीराम जन्मभूमि मन्दिर तोड़ने को कहकर अपने गुरु और मन्दिर के प्रमुख महन्त योगिराज श्यामानन्द जी को विश्वासघात की बेमिसाल गुरुदक्षिणा दी। जिसमें लगभग पौने दो लाख हिन्दू मारे गये (लखनऊ गजेटियर पेज ३६१)। प्रमुख महन्त के एक दूसरे शिष्य जलालशाह ने हिन्दुओं के खून से गारा सान कर लखौरी ईंटों से बाबरी मस्जिद की नींव डाली (बाराबंकी गजेटियर)। विश्वासघात का इससे बड़ा उदाहरण दूसरा न मिलेगा। अफजल खाँ, शिवाजी से दोस्ती के लिये हाथ बढ़ा रहा था, तो दूसरे हाथ से शिवाजी की हत्या के लिये खंजर भी निकाल रहा था। शिवाजी ने अफजल खाँ पर विश्वास नहीं किया था, इसी सतर्कता के कारण बच गये। सवाई जयसिंह ने औरंगजेब पर विश्वास किया, जिसका बदला औरंगजेब ने अपने इस सेनापति जयसिंह को जहर दिलवाकर उसकी मौत के रूप में चुका दिया। इतिहास में ऐसी सैकड़ों घटनाएँ हैं, जिसमें मुसलमानों ने हिन्दुओं के साथ विश्वासघात किया। कश्मीर के महाराजा हरीसिंह की सेना में मुसलमान सैनिक अधिक थे। सन् १९४७ में कश्मीर पर पाकिस्तानी कबायली मुसलमानों के हमले के समय महाराजा हरीसिंह के विश्वासपात्र वह मुसलमान सैनिक अपने ही हिन्दू अफसरों को गोली मार कर पाकिस्तानी कबायली मुस्लिम सेना से जा मिले। सन् १९९९ में पाकिस्तानी प्रधानमंत्री नवाज शरीफ इधर अटल बिहारी बाजपेयी को गले लगा रहे थे और उधर कश्मीर में कारगिल की पहाड़ियों में कट्टर मुसलमान आतंकवादियों की घुसपैठ करा रहे थे। बाजपेयी ने नवाज शरीफ पर विश्वास किया, परिणाम कारगिल का युद्ध आप सब ने देखा। जब सारा भारत कारगिल में लड़ रहे भारतीय सैनिकों की हिम्मत बढ़ा रहा था, तब इस देश के बड़े मुल्ला व कट्टर मुस्लिम नेता खामोश थे, ऐसा क्यों ? क्योंकि मुल्लावादी मुसलमानों को राष्ट्र की सीमा में नहीं बाँधा जा सकता। उनके लिये धर्म पहले है, राष्ट्र बाद में। आज कश्मीर के पुलिस प्रशासन में मुसलमानों की संख्या अधिक है, जो हिन्दुओं की हत्या करने वाले मुस्लिम आतंकवादियों की ओर से अपनी आँखें बन्द कर उनका मौन समर्थन करते हैं। इसीलिये कश्मीर में मुस्लिम आतंकवाद पर अंकुश नहीं लग रहा। हिन्दू-मुस्लिम भाई-भाई का नारा लगाकर मुसलमानों पर अतिविश्वास करने वाले कश्मीरी हिन्दू,

आज कश्मीर में या तो हिंसावादी मुसलमानों के हाथों मारे जा रहे हैं अथवा वहाँ से किसी तरह अपनी जान बचा कर भाग रहे हैं। सच्चाई की ओर से अपनी आँखें बन्द कर लेने वालों का यही हाल होगा। आज हिन्दू जिस तरह इस खतरे की ओर से आँखें बन्द कर, जाति के नाम पर आपस में लड़कर बँट रहे हैं, इससे निकट भविष्य में सम्पूर्ण भारत के हिन्दू इस खतरे की चपेट में आने वाले हैं।

पाकिस्तानी जासूसी संस्था आई०एस०आई० के कारनामे

पाकिस्तानी जासूसी संस्था आई० एस० आई० के इशारे पर काम करने वाले मुस्लिम आतंकवादियों के अड्डे जम्मू कश्मीर, पंजाब, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, हैदराबाद, केरल, तमिलनाडु, बिहार, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र, गुजरात, आसाम समेत पूरे देश तथा नेपाल में फैल चुके हैं। जहाँ अत्याधुनिक स्वचालित रायफलें व पिस्तौलें जमा की जा रहीं है। बम विस्फोट कराने वाला आर.डी.एक्स. लाया जा रहा है। (देखें इंडिया टुडे २५ अगस्त १९९९) साथ ही इन्हीं अड्डों के माध्यम से मुस्लिम माफिया सरगनाओं द्वारा नशीली दवाइयाँ भारत भेजी जा रही हैं। धनी हिन्दुओं के बच्चों को इन नशीली दवाओं का आदी बना कर उनसे धन निचोड़ कर और पाकिस्तान में छपे नकली नोटों को भारत में भेजकर तथा मुस्लिम माफिया सरगनाओं द्वारा जबरन धन वसूली, हवाला, सट्टा आदि से मिलने वाली अरबों रुपयों की कमाई, आई० एस० आई० द्वारा देश विरोधी कार्यों पर खर्च करने के लिये मुसलमान आतंकवादियों में बाँटी जा रही है।

भारत के हिन्दुओं से यह कमाई करने वाले मुस्लिम माफिया सरगनाओं को आई०एस०आई० खुला सहयोग और संरक्षण दे रही है। यहाँ तक कि इन मुस्लिम माफिया सरगनाओं के विरोधी उन हिन्दू माफिया सरगनाओं की, जो देशभक्ति की भावना से भर गये हैं, हत्यायें भी यह आई०एस०आई० करवा रही है। आई०एस०आई० उनकी जबरन धन वसूली और नशीली दवाओं की तस्करी में पूरी मदत कर रही है, जिससे हिन्दुओं के पैसे से ही भारत तथा भारत के हिन्दुओं को नष्ट किया जा सके। यह मुस्लिम माफिया सरगना आई०एस०आई० की सुरक्षा में भारत, पाकिस्तान, दुबई, मलेशिया, दक्षिण अफ्रीका, नेपाल और अफगानिस्तान आदि देशों में अराम से रहकर अपना काम पूरा कर रहे हैं। जबकि हिन्दू माफिया भागे-भागे फिर रहे हैं और आई०एस०आई० उनका पीछा कर रही है।

मस्जिदों, मुसलमानी मदरसों, मुल्ला-मौलवियों, मुस्लिम माफिया सरगनाओं और आई० एस० आई० का गठजोड़ पूरे देश में तैयार किया जा रहा है। आई० एस० आई० के मुल्ला इस देश के मुसलमानों को सिखाते हैं कि कुरआन के अनुसार अल्लाह का हुक्म है कि काफिर हिन्दुओं को तबाह व बर्बाद कर भारत को मुसलमानी देश दारूलइस्लाम बना डालो अन्दर ही अन्दर गुप्त रूप से तैयारियाँ चल रहीं हैं। भारत में की जाने वाली इन सारी आतंकवादी योजनाओं के मुख्य अड्डे, संसार का एकमात्र हिन्दू राष्ट्र नेपाल व मुम्बई बन चुके हैं। मुसलमानों द्वारा किये जा रहे ये सब कार्य विश्वव्यापी इस्लामी आन्दोलन का एक हिस्सा हैं, भविष्य में जिससे पूरी दुनियाँ प्रभावित होने वाली है।

इस प्रकार आई० एस० आई० भारत व भारत के काफिर हिन्दुओं को नेस्तनाबूद करने के लिये साम, दाम, दंड और भेद की नीति अपना रही है। लेकिन भारत के हिन्दू बुद्धिजीवी और नेता नैतिकता का ढोंग लिये बैठे हैं। यह जानते हुए भी कि मुल्लावादी मुसलमान आई०एस०आई० के हाथों खेल रहे हैं, फिर भी धर्मनिरपेक्षता के नाम पर इस सच को कहने और उनके विरुद्ध कुछ करने को तैयार नहीं है। उल्टा उन्हें देश भक्त कह रहे हैं। ठीक यही स्थिति सन् १९४७ के पहले थी। जब कुछ देश भक्त चिल्ला-चिल्लाकर कह रहे थे कि ''मुहम्मद अली जिन्ना के नेतृत्व में मुसलमान अलग देश माँगने जा रहे हैं।'' उस समय भी धर्मनिरपेक्षतावादी कांग्रेसी हिन्दू नेता कह रहे थे कि ''ऐसा कहने वाले साम्प्रदायिक लोग हैं। जो हिन्दू-मुस्लिम एकता को तोड़कर आपस में घृणा फैलाना चाहते हैं। मुसलमानों की देश भक्ति पर सन्देह नहीं किया जा सकता। इस देश के सभी मुसलमान देश भक्त हैं।'' कांग्रेसी हिन्दू नेताओं की इस अनदेखी का परिणाम अलग देश पाकिस्तान के रूप में सामने आया। भले ही संयोग वश (इन नेताओं की दूरदर्शिता के कारण नहीं) मुस्लिम आबादी बट जाने के कारण वह आज हमारे अनुकूल है। सन् १९४७ की तरह आज भी आई०एस०आई० के मुल्लावादी मुसलमानों की देश भक्ति पर संदेह नहीं किया जा रहा। जिसका परिणाम बहुत ही खतरनाक हो सकता है। इस देश के हिन्दू नौजवान इसे समझें। क्योंकि इन नेताओं की करतूतों का परिणाम भविष्य में उन्हें ही झेलना पड़ेगा।

भारत के अन्दर आई०एस०आई० के संगठनात्मक स्वरूप और उसकी गतिविधियों का विश्लेषण करने के बाद स्पष्ट रूप से समझ में आता है कि जैसे १९७१ के युद्ध में पूर्वी पाकिस्तान में मुक्तिवाहिनी और भारतीय सेना के बीच पाकिस्तानी सेना फँस गयी थी। जिसके कारण पूर्वी पाकिस्तान (बंगला देश) पाकिस्तान के हाथों से निकल गया था। भविष्य में पाकिस्तान द्वारा पूर्ण युद्ध छेड़े जाने पर पाकिस्तान के कट्टर मुल्लावादी सैनिक शासक शायद उसी तर्ज पर इधर पूरे भारत में फैले आई०एस०आई० के लाखों एजेन्टों, तमाम आतंकवादी मुस्लिम संगठनों और आई०एस०आई० द्वारा तैयार किये जा रहे मुल्लावादी नौजवानों के गठजोड़ तथा उधर पाकिस्तानी सेना के बीच भारतीय सेना को फँसाने का कुचक्र रच रहे हैं। इस तरह वह बंगला देश के बनने का बदला लेने के साथ-साथ भारत को दारूलइस्लाम बनाने की मोहम्मद गोरी जैसी योजना पर गंभीरता' से कार्य कर रहे हैं। दूसरी तरफ भारत के सभी धर्मनिरपेक्षतावादी मुस्लिमपरस्त नेता इसकी जानबूझकर अनदेखी करते हुए, उनकी जबरजस्त चमचागीरी करते हुए उनके हौसले बुलन्द कर रहे हैं।

मुल्लावादी मुसलमानों को खुश करके, मुस्लिम वोट पाने की लालच में यह नेता इस देश में धर्मनिरपेक्षता के नाम पर तबाही और बर्बादी लाना चाहते हैं। लोकतंत्र में विश्वास रखने वाले अंग्रेजों ने हिन्दुओं के बहुसंख्यक होने के कारण भारत का राज हिन्दुओं को सौंपा था। लेकिन हिन्दू उस राज़ को थाली में परोस कर बड़ी धूमधाम के साथ मुल्लावादी मुसलमानों को सौंप कर झंझट से छुटकारा

पा लेना चाहते हैं।

नकली धर्मनिरपेक्षतावादी नेताओं की कायरता से करोड़ों बंगलादेशी मुसलमान भारत में घुस आये हैं। जो हत्या, लूट-पाट और आतंकवाद के साथ-साथ मुस्लिम वोट बैंक भी बढ़ा रहे हैं तथा इसी आई० एस० आई० के इशारे पर काम कर रहे हैं। आई० एस० आई० के सहयोग से यह बंगलादेशी मुसलमान, पैसे पर बिक जाने वाले भ्रष्ट अधिकारियों को घूस देकर भारत में सामूहिक रूप से घुस आते हैं। इन बंगलादेशी मुसलमानों की घुसपैठ से आसाम तथा बिहार और पश्चिम बंगाल के बहुत से लोकसभा क्षेत्रों में मुसलमान वोटर, हिन्दू वोटरों से अधिक हो चुके हैं। वह दिन दूर नहीं, जब यह बंगलादेशी मुसलमान पूरे आसाम, बिहार और पश्चिम बंगाल में वोटों का संतुलन पूरी तरह से मुसलमानों के पक्ष में कर, सत्ता की लगाम अपने हाथों में ले लेंगे। ये बंगलादेशी मुसलमान लाखों की संख्या में मुम्बई और दिल्ली में भी झोपड़िया डाल कर बस गये हैं। इनकी झोपड़ियाँ रेलवे के पुलों, पेट्रोल पाइपलाइन के पास, रेलवे लाइन के पास तथा सुरक्षा की दृष्टि से अत्यन्त महत्वपूर्ण जगहों पर हैं। जो आई० एस० आई० के इशारे पर कभी भी पूरे देश में एक साथ भारी तोड़ फोड़ कर सकते हैं। विशेष कर युद्ध के समय सैनिकों तथा सैनिक साजो सामान के आने जाने में भारी बाधा उत्पन्न कर सकते हैं। तथाकथित धर्मनिरपेक्ष नेताओं की शह पर इनके हौसले इतने बढ़ गये हैं कि दिल्ली में लाल किले में बम विस्फोट के अभियुक्त मो० इसहाक को इनकी भीड़ ने २४ जून, सन् २००० को दिल्ली के एक थाने पर हमला करके छुड़ा लिया। जातिवादी, धर्मनिरपेक्षतावादी मुसलमानपरस्त कांग्रेसी और गैर कांग्रेसी नेता तथा कम्युनिष्ट इन बंगलादेशी मुसलमान घुसपैठियों के संरक्षक बन गये हैं। जो कहते हैं कि उन्हें भारत में रहने दो, वे हमारे भाई हैं। वोट के लिये देश के साथ इतनी बड़ी गद्दारी दुनियाँ में कहीं भी नहीं है। इन्हीं नेताओं के कारण हिन्दू वास्तव में इतिहास के सबसे बड़े संकट की ओर बढ़ रहे हैं। हिन्दू मेरी इस चेतावनी को बड़ी गंभीरता से लें। इन्हीं नेताओं की अनदेखी के कारण देश में प्रतिवर्ष आठ लाख हिन्दुओं को मुसलमान व ईसाई बनाया जा रहा है। एक लाख ईसाई धर्म प्रचारक सारे देश में हिन्दुओं का धर्म परिवर्तन में लगे हुए हैं, इसके लिये हजारों करोड़ रुपये विदेशों से आ रहें हैं।

असम के राज्यपाल श्री एस० के० सिन्हा ने राष्ट्रपति श्री के० आर० नारायणन को एक रिपोर्ट पेश की है। रिपोर्ट (८ नवम्बर, १९९८) के अनुसार राज्यपाल ने आसाम में मुस्लिम वोटरों की संख्या अत्यधिक बढ़ जाने पर चिन्ता प्रकट की है। राज्यपाल की रिपोर्ट के अनुसार पाकिस्तान की जासूसी संस्था आई० एस० आई० आसाम में बंगलादेशी मुस्लिम आतंकवादियों का आन्दोलन आगे बढ़ा रही है। इसके लिये आसाम के मुसलमान लड़के अफगानिस्तान में आतंकवाद की ट्रेनिंग लेने भेजे गये हैं। राष्ट्रपति का ध्यान इस ओर भी आकर्षित किया गया है कि आसाम में बंगलादेशी घुसपैठी मुसलमानों को तो वोट देने का अधिकार मिल गया है, पर पाकिस्तान से आये हुए एक लाख हिन्दू शरणार्थियों को जिनमें सिक्ख

भी हैं, अभी तक वोट देने का अधिकार नहीं मिल सका है। (आब्जरवर ३–१–९९) लेकिन इस देश का तथा हिन्दुओं का दुर्भाग्य है कि ऐसी रिपोर्ट (जिसमें मुसलमानों के विरुद्ध कुछ हो) इस देश में कूड़ेदान में फेंक दी जाती है। दुश्मन पाकिस्तान इन्हीं कमजोरियों और लापरवाहियों का फायदा उठा रहा है।

अमेरिकन कमेटी रिपोर्ट सन् १९९३ में कहा गया है कि ''पाकिस्तान की आई० एस० आई० का उद्देश्य हिन्दू समाज की जाति, भाषा और प्रान्त की फूट का लाभ उठा कर सारे भारत पर कब्जा करना है।''

अमेरिकन कांग्रेस के आतंकवाद पर विशेषज्ञ योसोफ बोडान इस्काई कहते हैं कि ''मुसलमानों का उद्देश्य अफगानिस्तान से इंडोनेशिया के बीच पड़ने वाले काफिरों के देश भारत, नेपाल, वर्मा और फिलिपीन्स, आदि को मुसलमानों का देश बनाना है। जिसकी जिम्मेदारी पाकिस्तान को दी गयी है, इसके लिये दुनिया के धनी मुस्लिम देश, पाकिस्तान को पैसा दे रहे हैं।''

यह सारी बातें हमने विभिन्न समाचार पत्रों से ली हैं जैसे टाइम्स आफ इंडिया दि० २३–७–९३, १–४–९४, ५–८–९४, १९–२–९६ आब्जर्वर दि० २०–११–९३, १५–९–९५ आर्गनाइजर दि० २७–८–९५।

विश्वव्यापी मुस्लिम आतंकवाद

आज पूरी दुनियां में मुसलमानों का आतंक बढ़ता जा रहा है। सोमालिया, सूडान, अल्जीरिया, तुर्की, फिलिपींस, अफ़गानिस्तान, ईरान, सरबिया, बोस्निया, अल्बानिया, लीबिया, चेचेन्या, दागिस्तान, कारगिस्तान, ताजिकिस्तान, उज्बेकिस्तान तथा कई अरब देश मुस्लिम उग्रवाद के आधुनिक अड्डे हैं, जिनका सरदार पाकिस्तान है। सऊदी अरब का खरबपति ओसामा बिन लादेन बन्दूकों और बमों के बल पर चारो ओर तबाही मचाकर मुसलमानी धर्म इस्लाम का झंडा सारी दुनियाँ में ऊँचा करने निकल पड़ा है। वह इसमें कितना सफल होता है, यह न देखकर, देखिये यह कि इस्लाम के लिये अपने को तथा अपनी खरबों की संपत्ति को कुरबान कर देने का वा मर मिट जाने का ओसामा बिन लादेन और उनके साथियों में कितना जूनून है, उनकी आक्रामकता व मानसिकता कैसी है? (देखें इंडिया टुडे ६ अक्टूबर १९९९) जिहाद जारी रखने के लिये ओसामा बिन लादेन को सऊदी अरब के मुसलमान करोड़ो डालर चन्दा दे रहे हैं। टाइम्स आफ इंडिया १२–४–१९९८ के अनुसार ''भारत के मुल्लावादी मुसलमान अफगानिस्तान की कट्टरवादी मुस्लिम तालिबान सरकार के पूर्ण समर्थक हैं, यह भारत की सुरक्षा के लिये बड़ी खतरनाक बात है।'' इस बात की पूरी सम्भावना है यदि इस तरह के मुसलमान आतंकवादी अफगानिस्तान में सफल हो गये तो, उसके बाद वह कश्मीर की ओर दौड़ पड़ेंगे, फिर शेष भारत उनका निशाना होगा। आश्चर्य यह है कि आम मुसलमानों को रोटी नहीं, इस्लाम चाहिये। इसीलिये उनको रोटी दिखाकर नहीं बदला जा सकता।

माफिया सरगना दाऊद इब्राहीम द्वारा हिन्दुओं की लूट

इसी पुस्तक में दिया जा चुका है कि काफिर हिन्दुओं का काम है कमा कर माल इकट्ठा करना और मुसलमानों का काम है उसे लूटकर खाना और खुदा से

डरते रहना। यह लूट का माल उनके लिये पवित्र प्रसाद की तरह है। इसीलिये आज करांची (पाकिस्तान) का माफिया सरगना दाऊद इब्राहीम हत्या की धमकी देकर, मुम्बई के धनी हिन्दुओं से सालाना सैकड़ों करोड़ रुपये की हफ्ता वसूली कर रहा है। (इंडिया टुडे) बड़े बड़े हिन्दू उद्योगपति, बिल्डर, व्यापारी, फिल्म निर्माता, निर्देशक व कलाकार दहशत के कारण चुपचाप उसे करोड़ो रूपये पहुँचा रहे हैं। समाचार पत्रों के अनुसार उसकी इस जबरन धन वसूली का जाल भारत के अन्य बड़े शहरों में भी फैल रहा है। उद्योगपतियों, व्यापारियों, फिल्म निर्माता व निर्देशकों और कलाकारों तथा अन्य महत्वपूर्ण व्यक्तियों के आपसी विवादों पर दो टूक फैसला, करांची में बैठा यही दाऊद इब्राहीम करता है और बदले में भारी रकम वसूल करता है। उसके फैसले को बिना कोई प्रश्न किये अन्तिम रूप से तुरन्त मानना पड़ता है। भारत में यह दाऊद इब्राहीम कानून से ऊपर है, उसके मुँह से निकला हर वाक्य ही कानून है। दाऊद इब्राहीम अधिकांश फिल्म अभिनेता व अभिनेत्रियों में से जिसको चाहे, जहाँ चाहे, जब चाहे बुला सकता है। उनको मौत के डर से जाना ही पड़ता है।

इतना विशाल भारत देश तथा भारत में ८० करोड़ हिन्दू और हिन्दुओं की तथाकथित धर्मनिरपेक्ष सरकारें, फिर भी करॉंची (पाकिस्तान) में बैठा दाऊद इब्राहीम पूरे भारत में बड़े धनी हिन्दुओं को डराये है और भारत की आर्थिक राजधानी मुम्बई को उंगलियों पर नचा रहा है। उसकी गिरफ्त में पूरा भारत इस हद तक आ चुका है कि उसके प्रतिद्वन्दी हिन्दू माफिया सरगना अपने ही देश भारत में रहना खतरनाक समझते हैं। पाकिस्तान का एक अकेला मुसलमान दाऊद इब्राहीम पूरे भारत पर छाया हुआ है। इस देश के धनी हिन्दुओं से हजारों करोड़ रुपये टैक्स वसूल कर अपना अलग कानून लागू किये है। इसके बाद भी इस देश के नेता शेखी बघारते रहते हैं। अभी यह हाल है, तो पच्चीस बाद क्या होगा ? इसे सोंचिये और बार-बार सोंचिये। भारत के हिन्दू नौजवानों के सर पर भविष्य का इतना बड़ा खतरा मँडरा रहा है, फिर भी उनको, विशेषकर अधिक पढ़े लिखे और धनी हिन्दुओं को यह खतरा दिखाई ही नहीं दे रहा। वह इस विषय पर चर्चा करना तो दूर, इसे सुनने तक से डरते हैं। इसका दुष्परिणाम उन्हें भुगतना पड़ेगा। हिन्दू 'आज' से डरते हैं। लेकिन 'भविष्य' से नहीं डरते। जबकि होना उल्टा चाहिये कि 'आज' तो सामने है, अतः उसका साहस से डटकर मुकाबला करना चाहिए और भविष्य से डरना चाहिए। क्योंकि भविष्य से डरने वाला व्यक्ति कभी कमजोर नहीं होता। वह अपने को हर प्रकार से मजबूत रखता है। अतः वह संकट में नहीं फँसता।

फिजी देश में हिन्दुओं की बर्बादी

हिन्दुओं की इन्हीं कमजोरियों के कारण उनकी बर्बादी के ताजा उदाहरण फिजीदेश और कश्मीर के हिन्दू हैं। फिजी देश में ४४ प्रतिशत भारतीय हिन्दू हैं। शेष फिजी के मूल निवासी ईसाई हैं। लेकिन सेना में भारतीय केवल १ प्रतिशत और ९९ प्रतिशत फिजी मूल के लोग हैं। अर्थात् बन्दूक की ताकत फिजी मूल के

ईसाईयों के पास है। फिजी मूल के निवासियों ने सेना की बन्दूकों के जोर पर सन् १९८७ में भारतीय मूल के लोगों के प्रभुत्व वाली सरकार पलट दी और भारतीयों के वोट देने के अधिकार छीन लिये। इसके बाद अन्तर्राष्ट्रीय दबाव में भारतीय मूल के लोगों को १९९७ में पुनः वोट का अधिकार मिला। तब सन् १९९९ में हुये चुनावों में भारतीय मूल के लोग पुनः सत्ता में आये। लेकिन भारतीय मूल के प्रधानमंत्री श्री महेन्द्रपाल चौधरी ने खतरे की जड़ सेना में भारतीयों की भरती कर शक्ति सन्तुलन नहीं बनाया। हिन्दुओं की पुरानी आदत के अनुरूप प्रधानमंत्री श्री महेन्द्रपाल चौधरी खतरे की ओर से अपनी आँखें बन्द कर चुपचाप बैठे रहे। उनकी इस असावधानी से जब खतरा नाक के पास तक पहुँच गया, तो उन्होंने इस खतरे से निपटने की जिम्मेदारी उन्हीं फिजी मूल के लोगों को दे दी, जो इस षड़यन्त्र में शामिल थे।

इंडिया टुडे ६ सितम्बर सन् २००० के अंक में श्री महेन्द्रपाल चौधरी के शब्द हैं कि "हमने जोखिम आंकने और उचित कारवाई का काम गृह मंत्रालय को सौंप दिया था। लेकिन अब हमें पता चला है कि पुलिस आयुक्त और सेना के कुछ अधिकारी भी (इस तख्ता पलट में) शामिल थे। वे आश्वासन देते रहे कि ये बस अफवाह है और चिन्ता की कोई बात नहीं है। लिहाजा हम कुछ नहीं कर सके।"

इस तरह फिजी के मूल निवासी ईसाईयों ने पुनः केवल ९ बंदूकधारियों के बल पर फिजी में भारतीय मूल के लोगों की सरकार को उखाड़ फेंका। षड़यन्त्र में शामिल सारी सेना और पुलिस केवल तमाशा देखती रही। पूरे फिजी में भारतीय मूल के हिन्दू लूट लिये गये। वह जान बचाकर जंगलों और गन्ने के खेतों में जा छिपे। फिजी के हिन्दू यह देखकर भौचक्के थे कि उनके पड़ोसी फिजी के मूल निवासी जो कल तक उनके साथ बैठकर चाय पीते थे, वही उनको लूट रहे थे और पीट रहे थे।

ऐसा इसलिये हुआ क्योंकि हिन्दू अपनी धार्मिक कायरता के कारण सोंचते हैं कि हम किसी के साथ हिंसा नहीं करेंगे, तो कोई हमारे साथ भी हिंसा नहीं करेगा। जबकि व्यवहार में, यथार्थ में ऐसा नहीं है। इस तरह की असावधानी और कमजोरी दुष्ट लोगों को हिंसा करने के लिये उकसाती है।

ठीक यही स्थिति कश्मीर की है। जहाँ का मुस्लिम प्रशासन आतंकवादियों के साथ है और धोखा देने के लिये कहता है कि सब कुछ ठीक है। इसी तरह आई० एस० आई० के सहयोग से शेष भारत का हिन्दू भी चारो ओर से मुल्लावादियों द्वारा घेरा जा रहा है। लेकिन मुस्लिम वोट के लालची नेता आँखें बन्द कर कह रहें हैं कि सब कुछ ठीक है, चिन्ता की कोई बात नहीं है। इसका परिणाम बहुत ही खतरनाक आने वाला है, जब यह नेता भी कहेंगे कि अफसोस हम कुछ न कर पाये।

भारतीय तालिबान (स्टूडेन्ट्स इस्लामिक मूवमेन्ट ऑफ इंडिया)

नवम्बर १९८० में मुम्बई के बान्द्रा स्थित कम्युनिटी हाल में भारत के मुसलमान विद्यार्थियों (तालिबानों) के एक खतरनाक संगठन स्टूडेन्ट्स इस्लामिक मूवमेन्ट ऑफ इन्डिया (एस० आई० एम० आई०) के मुसलमान छात्रों ने कसम

खायी कि ''अल्लाह ताला को सामने रख कर हम कसम खाते हैं कि हम हिन्दुस्तान में बुतपरस्ती (मूर्तिपूजा) को सहन नहीं करेंगे तथा भविष्य में हर मूर्ति के टुकड़े टुकड़े करके दिखा देंगे। हम भारत को इस्लामिस्तान में बदलकर रहेंगे।'' (पाञ्जन्य, १-४-८४)। अफगानिस्तान में पाकिस्तानी जासूसी संस्था आई०एस०आई० के सहयोग से अफगानी तालिबानों (मुसलमान विद्यार्थियों) ने भयानक लड़ाई लड़कर, अफगानी सेना को हराकर, वहाँ की राजसत्ता पर कब्जा कर कट्टरतम् इस्लामी शासन स्थापित कर दिया। अफगानी तालिबानों की इस बड़ी सफलता से, भारत में इस स्टूडेन्ट्स इस्लामिक मूवमेन्ट आफ इंडिया (सिमी) के तालिबान (अर्थात् मुसलमान विद्यार्थी) बड़े ही उत्साहित हैं, जो आई० एस० आई० के सहयोग से भारत में भी ऐसा ही कर डालने का सपना देखने लगे हैं। इसी कारण भविष्य में 'सिमी' भारत का यह सबसे खतरनाक संगठन होने वाला है।

हिन्दी दैनिक समाचार पत्र अमर उजाला २५.९.२००० के अनुसार २४.९.२००० को इलाहाबाद में स्टूडेन्ट्स इस्लामिक मूवमेन्ट ऑफ इंडिया (सिमी) के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा० शाहिद बद्र ने कहा कि ''सिमी अल्लाह की जमीन पर अल्लाह की हुकूमत कायम करना चाहती है।'' पढ़ने में यह कितना धार्मिक और न्यायोचित लग रहा है। लेकिन इसका वास्तविक अर्थ उतना ही खतरनाक और भयावह है। इस्लाम की जानकारी न रखने वाले यह समझ लें कि अल्लाह की हुकूमत कायम करने का अर्थ-अल्लाह द्वारा भेजी गयी कुरआन के आदेशों के अनुसार शासन करना है, दारूलहरब (काफिर हिन्दुओं के राज) को दारूल इस्लाम (मुसलमानों का राज) बनाना है। जिस शासन में काफिर हिन्दुओं को या तो मार डाला जाय अथवा मुसलमान बना लिया जाय। लेकिन अपनी गुलामी कराने के लिये जिन काफिरों को जिन्दा छोड़ दिया जाय, उनको हर प्रकार से कुचल कर रखा जाय और उन्हें अपमानित किया जाय। इस देश में मुसलमानों के शासनकाल में मुस्लिम बादशाहों ने अल्लाह की हुकूमत ही कायम कर रखी थी।

जो लोग सोचते हों कि यह पहले की बात है, अब दुनिया आगे है, सभ्य है अतः अब ऐसा नहीं होगा। ऐसे लोग जान ले कि मुस्लिम शासन (दारूलइस्लाम) में सत्ता की वास्तविक नकेल मुल्लावादी मुसलमानों के हाथों में रहती है। पाकिस्तान और अफगानिस्तान जैसे उदाहरण सामने हैं। सऊदी अरब, ईरान, ईराक, लीबिया, सूडान आदि सभी ५३ मुस्लिम देश मुल्लावादी मुसलमानों के पूर्ण प्रभाव में है। अफगानिस्तान में तालिबान (मुस्लिम छात्र) अल्लाह की हुकूमत ही कायम किये हुए हैं। भारतीय मुल्लावादी मुस्लिम छात्रों का संगठन स्टूडेन्ट्स इस्लामिक मूवमेन्ट ऑफ इंडिया भी आई०एस०आई० के सहयोग से भारत में यही करके भारतीय तालिबान बनना चाहता है।

वास्तव में सबसे बड़ा खतरा यह है कि मुल्लावादी मुसलमान, जो धार्मिक भाषा बोलते हैं, उसे हिन्दू समझ ही नहीं पाते। क्योंकि वह कुरआन और इस्लाम की जानकारी न तो रखते हैं और न ही रखना चाहते हैं। कितनी बेतुकी बात है कि किसी का धर्म, आप सबको समाप्त करने का आदेश देता है और आप उसे

जानते ही नहीं तथा जानना भी नहीं चाहते। अगर जानेंगे नहीं, तो सतर्क कैसे होंगे? अगर सतर्क नहीं होंगे, तो बचेंगे कैसे ?

इसी 'सिमी' ने पोस्टर निकाले हैं जिसमें उर्दू में लिखा है कि 'इलाही...! भेज दे महमूद को' और दूसरे पोस्टर में अंग्रेजी में लिखा है कि 'वेटिंग फार गजनवी' अर्थात् 'गजनवी के लिये प्रतीक्षा' अन्त में विराम चिन्ह की जगह तीन मिसाइलें खड़ी हैं। जिसकी फोटो ४ अक्टूबर, २००० की हिन्दी की इंडिया टुडे में भी पेज ३७ पर देखी जा सकती है। अंग्रेजी का यह पोस्टर दोहरे अर्थ वाला है। एक तो, इस देश में जिहाद करके काफिर हिन्दुओं को और उनके मन्दिरों को सत्रह बार नष्ट करने वाले तथा लाखों सुन्दर हिन्दू लड़कियों और औरतों को उठा ले जाने वाले महमूद गजनवी जैसे व्यक्ति की बेसब्री से प्रतीक्षा है, 'सिमी' को। खड़ी मिसाइलों के कारण दूसरा अर्थ निकलता है कि पाकिस्तान की नवनिर्मित लम्बी दूरी तक मार करने वाली गजनवी मिसाइलों के भारत में गिरने का बेसब्री से इन्तजार कर रहे हैं, 'सिमी' के आत्मघाती मुस्लिम छात्र। ध्यान रहे कि यह गजनवी और गोरी मिसाइलें परमाणु बम से लैस हैं, जिनको भारत के सभी बड़े शहरों की ओर लक्ष्य करके तैयार खड़ा रखा गया है। जिनके बारे में बड़बोले पाकिस्तानी परमाणु वैज्ञानिक अब्दुल कादिर खान का दावा है कि वह गजनवी और गोरी मिसाइलों से भारत के सभी बड़े शहरों को तीन-तीन बार पूरी तरह से नष्ट कर सकते हैं। अर्थात् 'सिमी' की इच्छा है कि भारत के सभी काफिर हिन्दू मारे जायँ साथ ही वह भी शहीद हो जायँ। (क्योंकि बम तो हिन्दू-मुसलमान पहचानता नहीं कि हिन्दुओं को मारे और मुसलमानों को छोड़ दे)

ऐसे खतरनाक विचारों को साक्षात् प्रदर्शित करने वाले 'सिमी' के भारतीय तालिबान, हिन्दुओं को धर्मनिरपेक्ष बने रहने का पाठ पढ़ाते हैं और जब उनके विरुद्ध कुछ जागरूक पुलिस अधिकारियों ने कार्रवाई की, तो वह अपने को निर्दोष बता रहे हैं। (इस्लाम की परिभाषा के अनुसार वह निर्दोष ही हैं) कांग्रेस और कम्युनिष्ट सहित सभी नकली धर्मनिरपेक्षतावादी और जातिवादी पार्टियाँ उनको निर्दोष करार देने के लिये मैदान में कूद पड़ी हैं। इसके लिये उनमें होड़ लग गयी है। यह पार्टियाँ इन मुल्लावादी मुस्लिम छात्रों को खुश करने का यह सुनहरा मौका खोना नहीं चाहतीं, चाहे देश तबाह व बर्बाद क्यों न हो जाये।

मुम्बई खतरे में

इन मुल्लावादी मुसलमानों, मुस्लिम माफिया सरगनाओं और आई०एस०आई० का प्रभाव मुम्बई और अन्य बड़े शहरों में बड़ी तेजी से बढ़ रहा है। इसके लिये उन्हें अरब व भारत के धनी मुसलमानों से खूब दिल खोल कर पैसा मिल रहा है। मुम्बई के धनी हिन्दुओं से जबरन धन वसूली कर भारत और भारत के काफिर हिन्दुओं को नष्ट करने के लिये, वह भारत की आर्थिक राजधानी मुम्बई पर धीरे-धीरे योजनाबद्ध तरीके से कब्जा जमा कर उसे अपना मुख्य अड्डा बना लेना चाहते हैं। मुम्बई के हिन्दू उद्योगपतियों व व्यापारियों को मेरी चेतावनी है कि वह सावधान और सतर्क हो जायँ, नहीं तो उनके हाथों से कुछ दिन बाद सब कुछ

निकल जाने वाला है। मुम्बई बम विस्फोट को याद करें, जो दुबई में रहने वाले माफिया सरगना दाऊद इब्राहीम द्वारा शुक्रवार (जुम्मा) के दिन उस समय कराया गया था, जब मुसलमान नमाज पढ़ने के लिये घरों व मस्जिदों में हों, जिससे कि केवल हिन्दू मारे जायँ और मुसलमान बच जायँ। इस विस्फोट में लगभग ३५० हिन्दू मारे गये तथा सैकड़ों घायल हुए। फिर भी धर्मनिरपेक्षता की खाल ओढ़े बिकाऊ समाचार पत्रों ने जालियांवाला बाग नरसंहार के बराबर इतनी भीषण घटना को उस गम्भीरता से नहीं लिया, जितना कि लिया जाना चाहिये। अगर कहीं हिन्दुओं ने ऐसी साजिश की होती और दस मुसलमान या ईसाई भी मर जाते, तो यही समाचार पत्र और नकली धर्मनिरपेक्षतावादी नेता दुनियाँ सर पर उठा लेते। ऐसा करके यह लोग ऐसे कारनामों में सहयोग देते हैं। भारत की भावी पीढ़ी इनको कभी माफ नहीं करेगी।

जिहाद के लिये मुसलमानों को अल्लाह के आदेश

पारः १०, सूरः ८ की ६५वीं आयत में है कि - ऐ नबी ! मुसलमानो को जिहाद पर उभारो। अगर तुम में २० आदमी साबित क़दम रहने वाले होंगे, तो दो सौ काफ़िरों पर ग़ालिब रहेंगे और अगर सौ (ऐसे) होंगे, तो हज़ार पर ग़ालिब रहेंगे, इसलिये कि काफिर ऐसे लोग हैं कि कुछ समझ नहीं रखते। (अनुवादक-मौ० फ० मो० खाँ सा० जा०, पेज-२९१) अर्थात् पैगम्बर मुहम्मद साहब के लिये अल्लाह का आदेश है कि ऐ नबी (मुहम्मद) ! मुसलमानों को काफिरों के विरुद्ध धर्म युद्ध पर उभारो। अगर तुम में बीस आदमी सच्चे कट्टर मुसलमान होंगे तो अपने से दस गुना अर्थात् दो सौ काफिरों को जीत लेंगे। और अगर सौ ऐसे ही मुसलमान होंगे तो एक हज़ार काफिरों पर विजयी रहेंगे।

पारः १०, सूरः ९ की ७३वीं आयत में है कि ऐ नबी (मुहम्मद) आप काफिरों से और मुनाफिकों (कपटाचारियों) से जंग (युद्ध) कीजिये और उन पर सख़्ती कीजिये, उनका ठिकाना आग है और जो भी वहाँ पहुँचा, बहुत बुरी जगह पहुँच गया। (अनुवादक-ह० मौ० अ० क० पा० सा०, पेज-२००) पारः २८, सूरः ६६ की ९वीं आयत में अल्लाह का आदेश है कि ऐ पैगम्बर (मुहम्मद) जिहाद करो काफिरों से और मुनाफिकों से और अब इन पर सख़्ती करो, इनका ठिकाना जहन्नम (नरक) है और यह बहुत बुरी जगह है। (अनुवादक-ह० मौ० अ० क० पा० सा०, पेज-५६२) पारः २६, सूरः ४९ की १५वीं आयत में है कि मोमिन (मुसलमान) तो वे हैं जो खुदा और उसके रसूल पर ईमान लाये, फिर शक में न पड़े और खुदा की राह (ज़िहाद) में जान और माल से लड़े। यही लोग (ईमान के) सच्चे हैं। (अनुवादक-मौ० फ० मो० खाँ सा० जा०, पेज-८२३) अर्थात् मुसलमान तो वे हैं जो एक अल्लाह और अन्तिम पैगम्बर मुहम्मद पर विश्वास लाये, फिर उस विश्वास पर अडिग रहे और काफिरों के विरुद्ध जिहाद में तन मन और धन से लड़े। ऐसे लोग ही सच्चे मुसलमान हैं।

सऊदी अरब का खरबपति ओसामा बिन लादेन समेत कश्मीर में लड़ रहे विदेशी आतंकवादी ऐसे ही सच्चे मुसलमान हैं, जो भाड़े के सैनिक नहीं हैं जैसा

कि सरकार द्वारा (विदेश नीति के कारण) प्रचारित किया जाता है। बल्कि ये आतंकवादी जिहाद में तन, मन और धन से लड़ रहे हैं। पारः २८, सूरः ६१ की चौथी आयत में है कि अल्लाह उन लोगों से मुहब्बत फरमाता (प्रेम करता) है, जो अल्लाह की राह (जिहाद) में इस तरह जमकर लड़ते हैं जैसे कि वे सीसा पिलाई हुई मजबूत दीवार हों। (अनुवादक-ह० मौ० अ० क० पा० सा०, पेज-५५२)

हिन्दू-मुस्लिम दंगे क्यों होते हैं ?

कुरआन मजीद के इन्हीं आदेशों को मानकर मुसलमान छोटी-छोटी बात पर हिन्दुओं से भिड़ जाते हैं और हिन्दू-मुस्लिम दंगा शुरू हो जाता है। दंगे सदैव वहीं होते हैं, जहाँ मुसलमानों की संख्या काफी है। वहाँ हिन्दुओं और मुसलमानों के बीच किसी भी प्रकार का विवाद होने पर जब मुल्लाओं द्वारा कुरआन की वह आयतें सुनायी जाती हैं, जिनके अनुसार काफिर हिन्दुओं को मारना और लूटना बड़े पुण्य का कार्य है, अल्लाह के लिये किया गया कार्य है। तो इस अतिउत्तेजक जोशीले भाषण को सुनने के बाद मुसलमान, हिन्दुओं पर टूट पड़ते हैं।

आज जो भी हिन्दू-मुसलमान दंगे होते हैं, वह काफिर हिन्दुओं के प्रति मुसलमानों की नफरत (घृणा) के कारण होते हैं, जो मौका पाते ही हिन्दुओं का कत्ल करने में नहीं चूकते। लेकिन हिन्दुओं को मारने, काटने और लूटने का काम बड़े पैमाने पर इसलिये नहीं हो पाता, क्योंकि ऐसा करने से पुलिस और आवश्यकता पड़ने पर सेना उन्हें रोक देती है। इसीलिये मुसलमान अब पुलिस आदि में अपनी आबादी के अनुपात में आरक्षण की माँग बड़े जोर से उठा रहे हैं।

मुसलमान हिन्दुओं से लड़ने का बहाना ढूँढ़ते रहते हैं। किसी मुसलमान की सायकिल भी हिन्दू से टकरा जाये कि मारपीट, छूरा चाकू चलने के बाद दंगा शुरू। जहाँ पर मुसलमानों की आबादी हिन्दुओं की आधी भी हो गयी है, वहाँ पर इस तरह के दंगे होते रहते हैं। लेकिन मुसलमान वहाँ चुप रहते हैं, जहाँ वह कम होते हैं। वहाँ शान्ति इसीलिये रहती है कि मुसलमानों की संख्या झगड़ा करने लायक नहीं है और बहुसंख्यक हिन्दू कभी झगड़ा शुरू नहीं करता। आज जैसे-जैसे इस देश में मुसलमानो की आबादी बढ़ती जा रही है वैसे-वैसे बात की बात पर हिन्दू-मुसलमानो के बीचे दंगे भी बढ़ते जा रहे हैं। दंगे, आगजनी, लूटपाट और मारकाट की शुरूआत लगभग सभी जगह हिंसावादी मुसलमान ही करते हैं। उस समय यदि पुलिस प्रशासन न रोके तो शहर के सभी हिन्दू लूट लिये जायँ और हजारों जान से मार दिये जायँ। अभी यह हाल है तो आगे क्या होगा ? फिर भी इस देश के नेता कहते हैं कि मुसलमान असुरक्षित हैं, जबकि असुरक्षित हैं इस देश के हिन्दू। जब पुलिस उनकी हिंसा रोकने के लिये लाठी गोली चलाती है, तो पुलिस द्वारा उन हिंसावादी दोषी लोगों के मारे जाने पर उनके समर्थक नेता मानवाधिकारवादी खूब रोते चिल्लाते हैं, लेकिन दंगे में हिंसावादी मुसलमानों द्वारा मारे गये निर्दोष हिन्दुओं का कोई नाम तक नहीं लेता।

ये धर्मनिरपेक्षतावादी लोग, मुसलमानों की कट्टरता व हिंसक साम्प्रदायिकता को धर्मनिरपेक्षता बताते हैं। लेकिन मार खाकर रोने वाले हिन्दुओं को साम्प्रदायिक

कहते हैं। आखिर कैसी है इनकी धर्मनिरपेक्षता? यह मानवाधिकारवादी बतायें कि वे मानव के अधिकारों की लड़ाई लड़ रहे हैं या हिंसा के अधिकारों की ?

सबसे खतरनाक बात यह है कि भविष्य के भारत में जब मुल्लावादी मुसलमानों का राज होगा, तब हिन्दुओं को आज बचाने वाली यह पुलिस और सेना मुसलमानों की ही होगी। जिससे हिन्दू निकाल बाहर किये जायेंगे, तब मुल्लावादी मुसलमानों की हिंसकदंगाई भीड़ के आगे-आगे यही पुलिस और सेना उनका हौसला बढ़ाती चलेगी और हिन्दू जनता व हिन्दू संस्कृति 'नारे तकबीर, अल्लाहु अकबर' और 'लाइलाहा इल्लल्लाह....' के नारों के बीच कुचल दी जायेगी। आज मुसलमान खुद दंगा शुरू करते हैं। लेकिन लूटपाट, मारकाट करने से उनको रोकने के लिये जब पुलिस अपने बल का प्रयोग करती है, तो वह एस० पी० और कलक्टर के तबादले की माँग को लेकर अड़ जाते हैं। साथ ही उल्टा पुलिस पर साम्प्रदायिक होने का आरोप लगाते हैं।

बड़े ही अफसोस व चिन्ता की बात है कि नकली धर्मनिरपेक्षतावादी बुद्धिजीवियों व नेताओं की झूठी वाहवाही लूटने के लिये पुलिस व प्रशासन के कुछ उच्च अधिकारी भी दंगाइयों से निर्दोष हिन्दुओं की रक्षा के लिये बल प्रयोग करने वाली पुलिस के हिन्दू सिपाहियों पर साम्प्रदायिकता का आरोप लगा रहे हैं। जबकि साधारण से तर्क की बात है कि पुलिस दंगाइयों को न मारेगी, तो क्या दंगाइयों द्वारा मारे जाने वाले निर्दोष हिन्दुओं को पीटेगी ? क्या फूल बरसाने से दंगाई अपनी हिंसा छोड़ देंगे ? अगर ऐसा है तो फिर पुलिस फोर्स को बन्दूक पिस्तौल की क्या आवश्यकता है ? समझा बुझाकर प्यार से हिंसक अपराधियों का हृदय परिवर्तन किया जा सकता है ? आखिर ऐसे नेता और अधिकारी क्या चाहते हैं कि मुस्लिम दंगाइयों को धर्मनिरपेक्षता के नाम पर हिंसा व लूटपाट की खुली छूट दे दी जाय ?

क्या भारत, पाकिस्तान और बंगलादेश का महासंघ संभव है ?

एक नेता भारत, पाकिस्तान, और बंगला देश का महासंघ बनाकर तीनों में प्रेम की गंगा बहाने का प्रचार करते फिर रहे हैं। सन् १९७१ में भारत पाकिस्तान युद्ध में हजारों भारतीय सैनिकों ने अपनी जान देकर जिन बंगलादेशी मुसलमानों की रक्षा करके बंगला देश बनवाया, आज वही बंगलादेशी मुसलमान पाकिस्तान का साथ देते हैं और भारत का विरोध करते हैं। बंगलादेशी मुसलमानों की भारत के प्रति घृणा और विरोध क्या यह नहीं दिखाता कि मुसलमानो को (वह चाहे जिस देश के हों), काफिर हिन्दुओं का अस्तित्व ही बर्दाश्त नहीं है। हिन्दू, मुसलमानों के लिये चाहे जितना खून क्यों न बहा दें। लेकिन मुसलमान उनको अपना दोस्त नहीं बनायेंगे, क्योंकि कुरआन का ऐसा आदेश है। भारत के पाकिस्तान से चार युद्ध हुए पहला सन् १९४७ में, दूसरा १९६५ में, तीसरा १९७१ में और चौथा १९९९ में कारगिल का युद्ध। इन चारो युद्धों की शुरूआत पाकिस्तान ने ही की। आखिर क्या दुश्मनी है ? पाकिस्तान की भारत से। क्या यह हमले काफिर हिन्दुओं को समाप्त करने के लिये नहीं किये जाते? कश्मीर तो बहाना है। अगर कश्मीर पाकिस्तान

को दे दिया जाय, तो भी यह हमले जारी रहेंगे। पाकिस्तान के प्रभावशाली मुल्लावादी नेता कह चुके हैं कि ''कश्मीर पर कब्जे के बाद भी जिहाद जारी रहेगा, क्योंकि कश्मीर तो हमारे लिये शेष भारत में घुसने का दरवाजा है।''

मीडिया का झूठा प्रचार

इस देश के बुद्धिजीवी, अधिकांश समाचार पत्र व पत्रिकायें और नेता प्रचार करते हैं कि ''कश्मीर का मुसलमान शांति चाहता है। वहाँ पर आतंकवाद पाकिस्तान और विदेशी भाड़े के सैनिक चला रहे हैं।'' जबकि सच्चाई यह है कि भारत का रियायती दर पर उपलब्ध कराया गया अन्न खाकर तथा अन्य विशेष सुविधाओं का उपभोग करने के बाद भी वहाँ का अधिकांश मुसलमान भारत से व हिन्दुओं से घोर घृणा करता है तथा पाकिस्तान को अपना मित्र समझता है। इसीलिये कश्मीरी मुसलमानों को खुश करने के लिए शेख अब्दुल्ला से लेकर फारूख अब्दुल्ला तक, समय-समय पर भारत से अपनी अलग पहचान बनाने और अलग कानून बनाने का राग अलापते रहे। ऐसा करना इन नेताओं की मजबूरी है, अगर ऐसा न करें, तो कश्मीरी मुसलमान उनके विरोधी हो जायँ। सन् १९९९ में कारगिल युद्ध शुरू होते ही कारगिल के कई इलाकों के मुसलमान, बस्तियाँ खाली कर पाकिस्तान के कब्जे वाले आजाद कश्मीर में चले गये। क्योंकि वह संकट के समय में पाकिस्तान के साथ ही रहना चाहते हैं। लेकिन युद्ध समाप्त होने के बाद सुविधाओं का लाभ उठाने भारतीय कश्मीर में लौट आये। भारतीय टी० वी० ने उनके भारत लौटने का प्रचार, उनकी देशभक्ति, देश प्रेम के रूप में बड़े जोर शोर से किया। ऐसा करने से भारत व भारत से बाहर रहने वाले हिन्दुओं को सच्चाई का पता नहीं चलता। वह भ्रम में पड़ जाते हैं, जिसके कारण वह आने वाले खतरे को नहीं समझ पाते ।

इसी तरह यह प्रचार करते हैं कि ''पाकिस्तान के आम मुस्लिम भारत के हिन्दुओं से दोस्ती चाहते हैं। लेकिन वहाँ के शासक भारत विरोधी भावना भड़काकर राज करते हैं।'' जबकि सच्चाई यह है कि वहाँ का आम मुसलमान भारत के काफिर हिन्दुओं से घोर घृणा करता है। कुछ अपवादों को सच्चाई नहीं माना जा सकता। वह हिन्दुओं को नष्ट होते तथा भारत को मुसलमानों का गुलाम होते देखना चाहता है। पाकिस्तान के आम मुसलमानो की इसी मानसिकता का फायदा उठाने के लिये पाकिस्तानी शासक भारत व हिन्दू विरोध की बातें कर, आम जनता को खुश कर, उनका समर्थन प्राप्त करते हैं। भारत विरोध के बिना पाकिस्तानी नेताओं की राजनीति शून्य है। फिर कैसे होगी दोस्ती भारत की पाकिस्तान और बंगलादेश से ? यह महासंघ बनाने का सपना देखने वाले भारत के उक्त नेता ही बता सकते हैं। ऐसे नेता मुल्लावादी मुसलमानो का हौसला बढ़ाकर या यों कहें बोतल में बन्द जिन्न को बाहर निकालकर थोड़े समय के लिये फायदा पा सकते हैं। लेकिन जब वह जिन्न मजबूत हो जायेगा तो इनको ही दबोच लेगा, क्योंकि यह लोग या सभी जाति के हिन्दू , मुसलमानो के लिये काफिर ही हैं। मौलाना मोहम्मद अली कहा करता था कि ''कितना भी गिरा हुआ मुसलमान क्यों

न हो, वह मेरे लिये गांधी से ज्यादा श्रेष्ठ है, क्योंकि गांधी है तो नापाक काफिर हिन्दू ही।''

भारत मुस्लिम राष्ट्र बनने की ओर

भारत में आज २० प्रतिशत मुसलमान हो गये हैं। जिस तेसी से उनकी आबादी बढ़ रही है, उससे आने वाले २५ वर्षों में वह कम से कम ३५ प्रतिशत हो जायेंगे। ईसाई मिशनरियों को हिन्दुओं का धर्म परिवर्तन के लिये मिली खुली आजादी के कारण ईसाई भी तेजी से बढ़कर ५ प्रतिशत हो जायेंगे। किसी भी चुनाव में अधिक से अधिक ६० प्रतिशत वोट ही पड़ता है। इस हिसाब से आज से २५ साल बाद लोकसभा का जो चुनाव होगा, उसमें पड़े ६० प्रतिशत वोटों में २७ प्रतिशत अकेले मुसलमानों का होगा, क्योंकि वह वोट देने जरूर जाते हैं। ३ प्रतिशत ईसाईयों का होगा, शेष ३० प्रतिशत हिन्दुओं का वोट जाति, भाषा, प्रान्त और धर्मनिरपेक्षता के नाम पर बटेगा, वैसे भी हिन्दू वोट देने जाता ही नहीं। हिन्दुओं की इन्हीं कमजोरियों के कारण अधिकतर लोकसभा क्षेत्रों से मुसलमान उम्मीदवार चुनाव जीत कर दिल्ली में मुल्लावादी मुसलमानों की सरकार बना देंगे। उसके बाद इस भारतीय संविधान की जगह कुरआन का कानून जिसे शरियत का कानून कहते हैं लागू होगा। तब हिन्दुओं की धन-दौलत, फैक्टरी, व्यापार, खेत और मकान तथा धनवान हिन्दुओं द्वारा बनवाये गये स्कूल, अस्पताल, धर्मशाला और मन्दिर आदि पर मुसलमानों का कब्जा होगा। फिर कुरआन के आदेशानुसार काफिर हिन्दुओं के कत्लेआम के साथ उनकी लड़कियों व औरतों को पकड़कर मुसलमान बनाने का सिलसिला शुरू होगा।

मार खाने के बाद हिन्दू एकता कर, चुनाव जीत कर वापस सत्ता में न आ जायें, इसलिये काफिर हिन्दुओं को राजसत्ता से दूर रखने के लिये शरियत के नाम पर लोकतंत्र का गला घोंटकर हिन्दुओं के सभी नागरिक अधिकार छीन लिये जायेंगे। पहले तो कुछ हजार मुसलमानो ने करोड़ों हिन्दुओं पर तलवार के बल पर अवैध तरीके से शासन किया, लेकिन अब वही मुसलमान अगर वोट के बल पर शासन में आ गये तो वह वैध तरीके से भारत की सत्ता पर सदैव के लिये कब्जा जमा लेंगे। सत्ता पाते ही मुल्लावादी मुसलमानों द्वारा जातिवादी नेताओं के सहयोग से तथा बन्दूकों के जोर से २५ प्रतिशत हिन्दुओं (कुल आबादी के १५ प्रतिशत) को पाँच साल के अन्दर ही मुसलमान बना लिया जायेगा। इस तरह अगला चुनाव आते आते भारत की मुस्लिम आबादी ५० प्रतिशत से ऊपर हो जायेगी, जो क्रमशः बढ़ती ही जायेगी।

दुनियाँ के ५३ मुस्लिम देशों में अधिकांश में या तो चुनाव होता नहीं, अगर होता है तो चुनाव का नाटक होता है। सत्ता की शक्ति सेना या मुल्लाओं के हाथ में रहती है, जो आज भी सातवीं शताब्दी में ही जी रहे हैं। वह कुरआन से बँधे होने के कारण कभी बदल नहीं सकते। मुल्लाओं द्वारा चुनाव का यही नाटक भारत में भी खेला जाता रहेगा। इसलिये पहले से अब का खतरा ज्यादा बड़ा है, जिसमें फंसकर हिन्दू कभी निकल नहीं पायेंगे।

हिंसावादी कट्टर मुसलमानों के हाथों में जब-जब भारत का राज आया तब तब उन्होंने हिन्दुओं को मारा काटा लूटा और अपमानित किया तथा उनकी लड़कियों और औरतों को छीना। तलवार के जोर पर आतंक फैला कर अपने धर्म का विस्तार किया। हिन्दुओं को नरक से भी ज्यादा कष्टप्रद जीवन जीने को मजबूर कर दिया। लेकिन जब आज हिन्दुओं के हाथों में राजसत्ता है तब इस देश में मुसलमानों को हर प्रकार की स्वतंत्रता सुविधा और सुरक्षा मिली है। प्रसिद्ध विद्वान केन्टवेल स्मिथ कहते हैं कि ''दुनियाँ के किसी भी इस्लामिक देश में मुसलमान इतना स्वतंत्र नहीं है जितना भारत में है।'' लेकिन दुर्भाग्य है कि हिन्दुओं की इस उदारता को मुसलमान खुदा की गैबी (छिपी) मदद मानते हैं।

लेकिन अपने ही देश भारत में यदि हिन्दू अपनी धार्मिक एकता की बात करते हैं तो मुसलमान तथा उनके हमदर्द हिन्दू नेता तुरन्त चिल्लाते हैं कि हिन्दू साम्प्रदायिकता फैलाई जा रही है। जबकि इस देश में कभी भी हिन्दू साम्प्रदायिकता नहीं रही। यह देश सैकड़ों साल से केवल मुस्लिम साम्प्रदायिकता से जलता रहा आज भी कश्मीर जल रहा है। भविष्य में पूरे भारत को मुस्लिम साम्प्रदायिकता में जलाने की तैयारियाँ गुप्त रूप से चलाई जा रही हैं। फिर यह हिन्दू साम्प्रदायिकता बीच में कहाँ से आ गयी। आखिर सच्चाई में पर्दा डालने के लिए भ्रम क्यों फैलाया जा रहा है ? जिस देश और समाज में सत्य पर पर्दा डाला जाता है। उसका विनाश होता है। भारतवर्ष और हिन्दू समाज में धर्मनिरपेक्षता के नाम पर यही हो रहा है। हम सत्य से इसी पर्दे को हटाना चाहते हैं।

भारत के ऊपर मँडराते हुए इस भयानक खतरे को धर्मनिरपेक्षता के नाम पर छिपाया जा रहा है और सत्य बोलने वालों को तथा इन खतरों से सावधान करने वालों को साम्प्रदायिक कह कर उन पर मुकदमा चलाया जा रहा है। इससे इस देश की सुरक्षा व शांति खतरे में पड़ रही है और हिंसावादियों के हौसले बुलन्द हो रहे हैं।

आश्चर्यजनक भविष्यवाणियाँ

